an>

title: Regarding problems being faced by the passengers due to delay in running of trains.

श्री अश्विनी कुमार चौबे (बक्सर) : अध्यक्ष महोदया, मैं आपका ध्यान एक अत्यन्त महत्वपूर्ण विषय की ओर आकृष्ट करना चाहता हूं। माननीय प्रधान मंत्री जी के कुशल नेतृत्व में, माननीय रेल मंत्री जी द्वारा भारतीय रेल को सुदृढ़ एवं आधुनिक बनाने के लिए अथक प्रयास किए जा रहे हैं। बहुत सारे सुधार भी रेलवे में हुए हैं। रेल की पद्धति और यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए रेल कर्मियों की मुख्य भूमिका होती है। भारतीय रेलवे के कुछ रेल कर्मियों की लापरवाही से कई रेलगाडियों का प्रचालन काफी विलम्ब से हो रहा है एवं अन्य यात्री सुविधाओं में लापरवाही की जा रही है।

महोदया, विशेषकर उत्तर प्रदेश और बिहार से गुजरने वाली गाड़ियों, भागलपुर-विक्रमशिला एक्सप्रैस, ब्रह्मपुत्र मेल, दादर-गुवाहाटी एक्सप्रेस, भागलपुर-दादर एक्सप्रेस और लोकमान्य तिलक पटना एक्सप्रेस आदि गाड़ियां बहुत ही विलम्ब से चलती हैं एवं प्राय: अनिश्चितकालीन विलम्ब रहता है। मैं चाहता हूं कि आपके माध्यम से इस बारे में सरकार को निर्देशित किया जाए कि वह इन गाड़ियों का प्रचालन समयबद्ध करे।

महोदया, इसके साथ ही साथ मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री महोदय से आग्रह करना चाहता हूं कि रेलगाड़ियों की पेंट्री कार एवं यात्री डिब्बों में खाद्य एवं पेय पदार्थों पर निर्धारित मूल्य से ज्यादा पैसा यात्रियों से वसूला जाता है। यह भी बन्द होना चाहिए।

महोदया, गर्मियों की छुट्टी, अन्य मांगलिक कार्यों एवं तीर्थाटन आदि के कारण यात्रियों की बढ़ती हुई भीड़ को दृष्टिगत रखते हुए, विशेषकर बिहार और उत्तर प्रदेश जाने वाली गाड़ियों में अतिरिक्त कोच की व्यवस्था भी अपेक्षित एवं अनिवार्य है।

महोदया, मेरे लोक सभा संसदीय क्षेत्र के तीन जिलों एवं आसपास के उत्तर प्रदेश राज्य के गाजीपुर एवं बलिया आदि जगहों की घनी आबादी की वजह से रेलगाड़ियों की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने के कारण विशेषकर बक्सर रेलवे स्टेशन, जो प्रमुख तीर्थस्थली भी है।

माननीय अध्यक्ष : बस-बस। यहां कोई रेल मंत्रालय के ऊपर भाषण थोड़े ही हो रहा है। चौबे जी अब समाप्त कीजिए।

श्री अश्विनी कुमार चौबे: महोदया, वहां जनहित में, पटना राजधानी एक्सप्रेस, संपूर्ण क्रांति एक्सप्रेस, विक्रमशिला एक्सप्रेस, अर्चना एक्सप्रेस, सीमांचल एक्सप्रेस के ठहराव अपेक्षित एवं अत्यावश्यक हैं। विगत दो वर्षों से मैंने और इस क्षेत्र से जुड़े कई सांसदों ने सरकार से इसकी गुहार लगाई है, किन्तु रेल मंत्रालय इस पर ध्यान नहीं दे रहा है, जो अत्यधिक कष्टदायक है। हम जैसे सांसदों को वहां से दिल्ली आने-जाने में भी बड़ा मुश्किल हो जाता है। डुमराव तथा रघुनाथपुर स्टेशन के पास ओवरब्रिज के निर्माण के साथ-साथ डुमराव, संघमित्रा एक्सप्रेस, पटना लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस, पूर्वा एक्सप्रेस, पटना-मथुरा-कोट एक्सप्रेस और रघुनाथपुर में मथुरा-पटना एक्सप्रेस, भागलपुर-दादर एक्सप्रेस, भागलपुर-अजमेर शरीफ एक्सप्रेस, मगध-पटना केरल एक्सप्रेस, भागलपुर दिल्ली गरीब रथ एक्सप्रेस तथा भगवा रोड से पटना जाने वाली इंटरसिटी-कर्मनाशा होते हुए मुगलसराय जंक्शन तक, दुर्गवती में महाबोधि एवं पुरुषोत्तम एक्सप्रेस का ठहराव जनहित में आवश्यक है। बक्सर रेलवे स्टेशन के दक्षिण में, स्थित मित्रलोक कॉलोनी और पांडे पट्टी, जिले की सबसे बड़ी पंचायत है। कोलनी वासियों की सुविधा हेतु पश्चिमी गुमटी के समीप पैदल पथ पर पारपथ बनाना अत्यावश्यक है। इसके न होने से आए दिन कई दुर्घटनाएं घटती रहती हैं। मैं आपके माध्यम से आग्रह करूंगा कि रेल मंत्रालय इस पर अविलम्ब ध्यान दे और जनहित के मुद्दों का शीघ्र निपटारा करे और इन कामों को सफलतापूर्वक किया जाए। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य श्री अश्विनी कुमार चौबे द्वारा सदन में उठाए गए विषय से सर्वश्री

शरद त्रिपाठी,

सुधीर गुप्ता,

रोड़मल नागर एवं

श्री देवजी एम. पटेल,

डॉ. महेन्द्र नाथ पाण्डेय, एवं

श्री भैरोंप्रसाद मिश्र अपने आपको सम्बद्ध करते हैं।